उत्तर प्रदेश राजभवन में सामूहिक योग का आयोजन

राज्यपाल राम नाइक, मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ तथा बाबा रामदेव सहित अति विशेष लोग हुए शामिल

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रम के दौरान डिप्युटी चीफ मिनिस्टर केशव प्रसाद मौर्य के साथ ब्र.कु. राधा तथा ब्र.कु. भाई बहनें। राजभवन के मैदान में योगाभ्यास करते हुए शहर के गणमान्य लोगों का विशाल समूह।

लखनऊ-उ.प्र.। 21 जून 2017, तीसरे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में उत्तर प्रदेश सरकार के आयुष मंत्रालय ने लखनऊ के राजभवन में जनसमूह के लिए 7 जून 2017 को योगा सत्र आयोजित कर अग्रगामी भूमिका निभाई। इस योगा सत्र में उ.प्र के राज्यपाल राम नाइक, मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ, डिप्युटी चीफ मिनिस्टर केशव प्रसाद मौर्य, डॉ. दिनेश शर्मा, योग गुरू स्वामी रामदेव तथा स्वामी भरत भूषण ने शिरकत की। इस योग कार्यक्रम में पतंजलि योगपीठ, गायत्री परिवार, आर्ट ऑफ लिविंग, मोक्षायतन, ब्रह्माकुमारीज़, एन.एस.एस., एन.सी.सी., योगा डिपार्ट., लखनऊ युनिवर्सिटी, ईशा फाउण्डेशन तथा इंडियन योगा इंस्टीट्यूट के लगभग पन्द्रह सौ लोगों ने भाग लिया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए राज्यपाल राम नाइक ने कहा कि योग पाँच हज़ार वर्ष पुरानी विधि है। मानसिक स्वास्थ्य एवं शारीरिक स्वास्थ्य के बीच संतुलन ही योग है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश राजभवन देश का पहला राजभवन है जो योग कार्यक्रम आयोजित करने में अग्रणी रहा है। उन्होंने कहा कि पूरे देश को योग से लाभ उठाना चाहिए तथा प्रत्येक मनुष्य को अपने दैनिक जीवन में योगाभ्यास को अपनाना चाहिए।

माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ ने कहा कि स्वस्थ मस्तिष्क एवं स्वस्थ शरीर के बीच संतुलन ही योग है। उन्होंने बताया कि स्वस्थ शरीर से ही स्वस्थ मस्तिष्क का विकास होता है, और तभी एक स्वस्थ समाज का विकास होता है। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि योगा करना हमारी ओर से हमारे पूर्वजों के लिए आभार है। इस कार्यक्रम में उ.प्र. के अनेक मंत्रियों, न्यायाधीशों, व्यापारियों एवं रक्षा विभाग के सदस्यों ने भाग लिया।



चण्डीगढ़। चण्डीगढ़ एडमिनिस्ट्रेशन तथा आयुष डिपार्टमेंट द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर प्लाज़ा से.-17 में आयोजित विशाल सामूहिक योग कार्यक्रम में शरीक हुए जे.पी. नड्डा,यूनियन मिनिस्टर,हेल्थ एंड फैमिली वेलफेयर, वी.पी. सिंह बदनौर,गवर्नर ऑफ पंजाब व एडमिनिस्ट्रेटर ऑफ चण्डीगढ़, परिमल रॉय,एडवाइज़र टू द एडमिनिस्ट्रेटर, अनुराग अग्रवाल,होम सेक्रेट्री, अजीत बालाजी जोशी,डिप्युटी कमिश्नर, किरण खेर,सांसद, विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ ब्रह्माकुमारीज़ के दो सौ सदस्य।

मुम्बई-बोरीवली। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर ठाकुर कॉलेज ऑफ कॉमर्स एंड साइंस,कांदीवली मुम्बई में आयोजित कार्यक्रम में दीप प्रज्वलित करते हुए फिज़िकल फिटनेस ट्रेनर मिकी मेहता, एरोबिक्स एंड मैराथॉन ट्रेनर बिन्दु मैडम, ब्र.कु. दिव्यप्रभा, डॉ. नरेन्द्र, ठाकुर कॉलेज की प्रिन्सीपल मैडम चैताली, ब्र.कु. संगीता, बेस्ट की चेयरमैन अनिल कोकिल, सेंट फ्रान्सिस स्कूल बोरीवली से अलफोन्सो भाई व अन्य।

RNI NO RAJHN/2000/721, POSTAL REGD. RJ/SIROHI/9623/15-17, Posting at Shantivan-307510 (Abu Road)
Licensed to post without prepayment RJ/WR/WPP/003/2015-17, Posting on 12TH TO 14TH and 22ND TO 24TH each month, published on 3rd July 2017
संपादक: ब्र.कु.गंगाधर, प्रकाशक: ब्र.कु.करुणा द्वारा ब्रह्माकुमारीज़ मीडिया प्रभाग (आर.ई.आर.एफ) के लिए प्रकाशित एवं डी.बी.प्रिंट सॉल्यूशन्स जयपुर से मुद्रित।